# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 03 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 335


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## समंदर में अनंत चुनौतियां... भारत का जवाब है विक्रांत; पीएम मोदी ने देश को सौंपा स्वदेशी 'बाहुबली'

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना के लिए आज दिन अहम है। नौसेना में पहला स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत शामिल हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम में इसे देश को समर्पित कर दिया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद हैं।



आईएनएस विक्रांत को भारतीय नौसेना में शामिल करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां केरल के समुद्री तट पर भारत, हर भारतवासी, एक नए भविष्य के सूर्योदय का साक्षी बन रहा है। विक्रांत विशाल है, विराट है, विहंगम है। विक्रांत विशिष्ट है, विक्रांत विशेष भी है। विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है। ये 21वीं सदी के भारत के परिश्रम, प्रतिभा, प्रभाव और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ढ़ढ़हस् विक्रांत पर हो रहा ये आयोजन विश्व क्षितिज पर भारत के बुलंद होते हौसलों की हुंकार है।

पीएम मोदी ने नौसेना में महिलाओं को शामिल किए जाने को लेकर कहा कि अब भारतीय नौसेना ने अपनी सभी शाखाओं को महिलाओं के लिए खोलने का फैसला किया है। जो पाबंदियां थीं वो अब हट रही हैं। जैसे समर्थ लहरों के लिए कोई दायरे नहीं होते, वैसे ही भारत की बेटियों के लिए भी अब कोई दायरे या बंधन नहीं होंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि यदि लक्ष्य दुरन्त हैं, यात्राएं दिगंत हैं, समंदर और चुनौतियां अनंत हैं- तो भारत का उत्तर है विक्रांत। आजादी के अमृत महोत्सव का अतुलनीय अमृत है विक्रांत। आत्मनिर्भर होते भारत का अद्वितीय प्रतिबिंब है विक्रांत।

पीएम मोदी ने कहा कि विक्रांत के हर भाग की अपनी एक खूबी है, एक ताकत है, अपनी एक विकासयात्रा भी है। ये स्वदेशी सामर्थ्य, स्वदेशी संसाधन और स्वदेशी कौशल का प्रतीक है। इसके एयरबेस में जो स्टील लगी है, वो स्टील भी स्वदेशी है।

एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत की कमीशनिंग समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'अमृतकाल' के प्रारंभ में विक्रांत की कमीशनिंग अगले 25 वर्षों में राष्ट्र की सुरक्षा के हमारे मजबूत संकल्प को दर्शाती है। विक्रांत आकांक्षाओं और आत्मनिर्भर भारत का एक असाधारण प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विक्रांत के आने से नौसेना की ताकत बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि आप सभी नौसेना की परंपराओं से अवगत हैं, ओल्ड शिप्स नेवर डाई। 1971 के युद्ध में अपनी शानदार भूमिका निभाने वाले विक्रांत का यह नया अवतार, 'अमृत-काल' की उपलब्धि के साथ-साथ हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और बहादुर फौजियों को भी एक विनम्र श्रद्धांजलि है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम एक मुक्त, खुला, समावेशी इंडो-पैसिफिक में विश्वास रखते हैं। इस संबंध में हमारे प्रयास प्रधानमंत्री की दृष्टि यानी सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन दा रीजन' से निर्देशित है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल गुरुवार को कोच्चि पहुंचे और आज कोचीन शिपयार्ड में 20,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित और अत्याधुनिक स्वचालित यंत्रों से लैस युद्धपोत का जलावतरण करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर औपनिवेशिक अतीत को खत्म करते हुए नए नौसेना ध्वज (निशान) का भी अनावरण करेंगे। पीएम मोदी ने दो सितंबर की तारीख को रक्षा क्षेत्र में आत्मानिर्भर बनने की दिशा में भारत के प्रयासों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया है क्योंकि देश में डिजाइन और निर्मित किए गए पहले विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को सेवा में शामिल किया जाएगा।

इस अवसर पर पीएम मोदी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, एर्नाकुलम के सांसद हिबी ईडन, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर। हरी कुमार और नौसेना और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के शीर्ष अधिकारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्री के पास से 86.7 लाख की कीमत का सोना जब्त

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने एक यात्री के पास से 86.7 लाख रुपये का सोना जब्त किया है। आरोपी कथित तौर पर इस सोने को बेल्ट में छिपाकर लाया था। स्कैनर से पुष्टि करने के बाद यात्री की तलाशी ली गई और सोना बरामद किया गया। रियाद से आए सऊदी एयरलाइंस के फ्लाइट नंबर एसवी-894 के यात्रियों की एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक यात्री ने ग्रीन चैनल छोड़ने की कोशिश की। हवाईअड्डे पर स्कैनर में मेटल की उपस्थिति का संकेत मिला। सीमा शुल्क अधिकारियों ने यात्री को रोका और गहन तलाशी ली और सोना बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जम्मू-कश्मीर : पुलवामा में आतंकियों ने गैर-स्थानीय को गोली मारी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा जिले में शुक्रवार को आतंकवादियों ने एक गैर स्थानीय व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया। पीड़ित की पहचान पश्चिम बंगाल के मुनीब-उर-रहमान के रूप में हुई है। घटना उगरगुंड गांव की है। सूत्रों ने कहा, उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। उपस्थित डॉक्टरों ने उसकी हालत स्थिर बताई है। तलाशी के लिए इलाके को घेर लिया गया है।

### राजस्थान में सनसनीखेज वारदात! नहीं खुले चांदी के कड़े तो बदमाशों ने काट डाला बुजुर्ग का पैर

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां चांदी के कड़ों के लिए बदमाशों ने बुजुर्ग महिला का पैर काट डाला। घटना बूंदी के नैनवां इलाके की देर रात की है। खेत में रह रही बुजुर्ग महिला के पैर काटने से इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि 4-5 बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। महिला के पैर से कड़े नहीं खुले तो चोरों ने आरी से पैर काट दिया। महिला अच्छबी बाई को नैनवां अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गंभीर हालत में महिला को नैनवां से कोटा रेफर किया गया। मामले में परिजनों ने नैनवा थाने में रिपोर्ट दी है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया और मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### यूपी : दुधवा में लीवर की समस्या से हुई हथिनी की मौत

**लखीमपुर खीरी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर) में लीवर की समस्या के चलते हथिनी तुंगा की मौत हो गई। तुंगा को 2018 में कर्नाटक से 10 अन्य हाथियों के साथ लाया गया था। डीटीआर के निदेशक संजय पाठक ने कहा, तुंगा को लीवर की समस्या थी। विसरा को संरक्षित कर लिया गया है और जांच के लिए बरेली के आईवीआरआई भेजा जाएगा। पाठक ने कहा कि युवा होने के कारण तुंगा को अभी तक पूर्णकालिक नौकरी पर तैनात नहीं किया गया था। दक्षिणी राज्य से लाए जाने के बाद, अन्य हाथियों के साथ तुंगा का भी हिंदी में क्रैश कोर्स हुआ था, क्योंकि वे कर्नाटक में वन कर्मचारियों से स्थानीय भाषा में निर्देश प्राप्त करने की आदी थी। दुधवा से वन अमले का एक दल हाथियों से परिचय कराने कर्नाटक गया था। बाद में जब उन्हें उत्तर प्रदेश लाया गया तो उनके कार्यवाहक भी साथ आए थे और कुछ देर रुके थे। पाठक ने कहा, कर्नाटक से लाए गए बाकी हाथी स्वस्थ हैं।

### किसी के सामने अश्लील हरकत करना भी यौन शोषण, कोर्ट ने 60 साल के शख्स को सुनाई सजा

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने बाल यौन शोषण के एक मामले में 60 वर्षीय आरोपी को दोषी ठहराते हुए कहा कि किसी अन्य व्यक्ति की उपस्थिति में अश्लील हरकत करना उसके यौन इरादे स्पष्ट करने के लिए पर्याप्त है। बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) कानून के लिए विशेष न्यायाधीश प्रिया बनकर ने 29 अगस्त को आरोपी को दोषी ठहराया और उसे एक साल के कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 4 साल का पीड़ित बच्चा जब अपने घर के पास आरोपी की सिलाई की दुकान पर गया तो उसने देखा कि आरोपी अश्लील हरकत कर रहा है। आरोपी के वकील ने दलील दी कि उसने लड़के को दुकान पर नहीं बुलाया था और न ही वह लड़के के पास गया था।

## यूपी : स्कूल में पिस्तौल ले जाने के आरोप में दो बच्चे हिरासत में

**प्रयागराज (आरएनएस)।** प्रयागराज में दो बच्चों को स्कूल में देशी पिस्तौल ले जाने के आरोप में हिरासत में लिया गया। इन बच्चों ने शिक्षकों को और दूसरे बच्चों को धमकाना शुरू कर दिया था।



उन्हें किशोर गृह भेज दिया गया है, जबकि एक हथियार आपूर्तिकर्ता को जेल भेज दिया गया है।

प्रयागराज के एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने कहा, हमने ऐसे मामलों की जांच के लिए माता-पिता, अभिभावकों और स्कूलों को संवेदनशील बनाने का फैसला किया है। पहला मामला अलोपीबाग इलाके में 29 अगस्त को सामने आया था, जब मोबाइल फोन की जांच के दौरान, स्कूल अधिकारियों को आठवीं कक्षा के एक छात्र के स्कूल बैग में एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस मिला था।

दूसरे मामले में सोरांव स्थित इंटर कॉलेज के स्कूल प्रशासन ने दसवीं कक्षा के छात्र के पास से एक देशी पिस्टल बरामद की।

यह प्रयागराज पुलिस द्वारा कई स्कूलों के बाहर सिलसिलेवार बम विस्फोटों में शामिल स्कूली बच्चों के गिरोह का भंडाफोड़ करने और इस सिलसिले में 35 छात्रों को गिरफ्तार करने के कुछ दिनों बाद आया है।

## अंबाजी माता के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को कार ने रौंदा, 7 की मौत

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात के अंबाजी में शुक्रवार सुबह-सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। कहा जा रहा है कि बेकाबू कार श्रद्धालुओं को रौंदते हुए निकल गई। यहां कार की टक्कर में 7 लोगों की मौत हो गई और 5 लोगों की हालत गंभीर है।



हादसे में मारे गए ज्यादातर लोग पंचमहल के रहने वाले हैं। यह सभी लोग प्रसिद्ध शक्तिपीठ अंबाजी माता मंदिर के दर्शन के लिए पैदल जा रहे थे। इसी दौरान एक कार ने श्रद्धालुओं को कुचल दिया।

दरअसल आगामी 5 सितंबर से विश्व प्रसिद्ध धर्मस्थल अंबाजी में छह दिवसीय भादरवी पूनम मेले का आयोजन होने जा रहा है। यह मेला 10 सितंबर तक चलेगा। इसी के चलते भक्त भारी संख्या में अंबाजी पहुंच रहे हैं। मेले के लिए बनासकांठा जिला प्रशासन और आरासुरी अंबाजी माता देवस्थान ट्रस्ट पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटी है।

बता दें कि अम्बाजी मंदिर में देवी की कोई छवि या मूर्ति नहीं है, बल्कि यहां पर पवित्र श्री वीसा यंत्र को मुख्य देवता के रूप में पूजा जाता है। इस यंत्र को कोई भी नग्न आंखों से नहीं देख सकता है। साथ ही यंत्र की फोटोग्राफी प्रतिबंधित है।

हाल ही में गुजरात के कच्छ जिले में एक कार के खड़े ट्रक से टकराने पर एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए थे। दुर्घटना जिले के नखतराना कस्बे के पास करीब 12 बजे हुई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया था कि कार में सवार लोग नखतराना से मांडवी की ओर जा रहे थे, तभी दावड़ा गांव के पास उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि कार सडक़ के किनारे खड़े ट्रक से टकराने के बाद उसके अंदर घुस गई। दुर्घटना में कार में सवार कुल छह लोगों में चार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो साल की बच्ची और परिवार का एक अन्य सदस्य घायल हो गया। अधिकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान कस्तूरबेन गोस्वामी (53), संगीताबेन गोस्वामी (25), परेश गोस्वामी (50) और मानभर (3) के रूप में हुई है।

## बिहार के बक्सर में बेटा नहीं हुआ तो एक महिला ने अपनी 3 बेटियों को मार डाला

**बक्सर (आरएनएस)।** बिहार के बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना प्रकाश में आई है, जहां एक महिला पर अपनी ही बेटियों का गला दबाकर मार डालने का आरोप लगा है। आरोप है कि बेटा नहीं होने के कारण महिला अवसाद में थी, इस कारण अपनी तीनों बेटियों की हत्या कर दी।



पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गाय घाट गांव निवासी सुनील यादव की पत्नी पिंकी देवी पुत्र नहीं होने के कारण अवसाद में रह रही थी और आखिरकार उसने परेशान होकर अपनी तीनों बेटियों की जान ले ली।

मृत बच्चियों की उम्र 11 साल, 8 साल और 3 साल बताई गई है। सुनील यादव बाहर रहकर काम करता है।

ब्रह्मपुर के थाना प्रभारी डी एन चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर तीनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

उन्होंने बताया तीनों बच्चियों की मां पिंकी देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मौत के कारणों का सही पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा।

उन्होंने बताया कि प्रथम दृश्टया पुत्र नहीं होने पर अवसाद में हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बेरहम मां की हैवानियत, प्रेमी को पाने के लिए अपने ही 6 माह के मासूम की हत्या की

**बिजनौर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर मे रिश्ते मे बाधा बन रहे अपने छ माह के बेटे की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में मां को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. प्रवीण रंजन ने शुक्रवार को बताया कि, खुदशीया ताजीम उर्फ अफशा ने 31 अगस्त को 6 माह के अरहान की हत्या कर शव को घर के पास एक नाले में फेंक दिया। उन्होंने कहा कि बाद में शव बरामद कर लिया गया। एसपी ने कहा कि, पुलिस पुछताछ मे खुदशीया ताजीम उर्फ अफशा ने बताया कि उसका पति सऊदी अरब में काम करता है। उसका किसी व्यक्ति से प्रेम प्रंसग चल रहा था। उसका बच्चा रिश्ते मे बाधा बन रहा था। प्रेमी की चाहत मे उसने बच्चे की हत्या कर दी। एसपी ने आगे कहा कि आरोपी महिला ने कबूल किया कि उसने अपने 6 माह के बेटे अरहान की हत्या की, क्योंकि वह उनके रिश्ते के बाधा बन रहा था। उन्होने कहा कि, आरोपी महिला के खिलाफ आईपीसी धारा 302 (हत्या) के तहत प्राथमिक दर्ज कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

## संस्कृत को राष्ट्रीय भाषा घोषित करने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संस्कृत भाषा को देश की राष्ट्रीय भाषा घोषित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह की बेंच ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह ऐसा मसला है जिसपर संसद को फैसला लेना है, इसके लिए संविधान में बदलाव की जरूरत है, नीति में बदलाव की जरूरत है, इसपर फैसला कोर्ट नहीं ले सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में हम नोटिस नहीं जारे करेंगे, जिससे किसी भी तरह की इस याचिका को लोकप्रियता मिले।



यह जनहित याचिका सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और वकील केजी वंजारा ने दायर की थी। याचिका में केंद्र सरकार को संस्कृत को राष्ट्रभाषा के रूप में अधिसूचित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया है कि इस तरह के कदम से मौजूदा संवैधानिक प्रावधानों में खलल नहीं पड़ेगी जो अंग्रेजी और हिंदी को देश की आधिकारिक भाषाओं के रूप में रखते हैं।

## तमिलनाडु में भारी बारिश का कहर, कपास और मक्का की खेती नष्ट

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु में लगातार और बेमौसम बारिश राज्य में कपास और मक्का की खेती को प्रभावित कर रही है। पेरम्बलुर जिले में, बारिश से 100 एकड़ से अधिक कपास और मक्का की खेती नष्ट हो गई है। पेरम्बलूर जिले में बारिश का पानी कृषि क्षेत्रों में रिसने से फसलें जलमग्न हो गईं।



पिछले कुछ दिनों से तमिलनाडु के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। जिसके चलते कई जगहों पर पानी भर गया है। फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। जहां पर्माबलूर में बाढ़ के कारण 100 एकड़ कपास और मक्का की फसल बर्बाद हो गई। वहीं सेलम, इरोड और तिरुचि समेत राज्य के अन्य जिलों में, जहां कपास और मक्का की खेती भारी मात्रा में होती है, 1000 एकड़ से अधिक फसल नष्ट हो गई है।

राज्य में और अधिक फसलों के नष्ट होने की संभावना है, जिससे किसान अधिक परेशान हैं। तमिलनाडु कृषि विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, हमने मानसून से पहले नदियों और झीलों के रखरखाव और राज्य भर में जल निकासी के उचित रखरखाव पर एक प्रस्ताव तैयार किया, ताकि पानी की निकासी सही तरीके से हो सके। हालांकि, हमारी सारी गणना बेकार हो गई, क्योंकि बारिश मानसून से काफी पहले होनी शुरू हो गई।

## सोनाली फोगाट हत्याकांड : गोवा पुलिस को हरियाणा में मिले अहम सबूत

**पणजी (आरएनएस)।** भाजपा नेता सोनाली फोगाट मौत मामले की जांच करने हरियाणा आई गोवा पुलिस की एक विशेष टीम ने कुछ महत्वपूर्ण सबूत जुटाए हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक (उत्तरी गोवा) शोभित सक्सेना ने शुक्रवार को दी।



उन्होंने कहा कि जांच जारी है और गोवा पुलिस कथित हत्या के पीछे के मकसद को स्थापित करने के लिए सभी एंगल से जांच कर रही है।

एसपी ने कहा, हम शिकायत के आधार पर सभी प्रकार की साजिशों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

पुलिस के अनुसार, फोगाट के भाई रिंकू ढाका ने शिकायत में आरोप लगाया था कि सोनाली की हत्या उसके पर्सनल अस्टिंट सुधीर सांगवान ने सुकविंदर सिंह के साथ मिलकर की थी, ताकि वह उसकी संपत्ति पर कब्जा कर सके और उसका राजनीतिक करियर खत्म कर सके।

सक्सेना ने कहा, गोवा पुलिस की विशेष टीम, जो हरियाणा गई है। उसने कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों का पता लगाया है और सबूत एकत्र किए हैं।

उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष हो, यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

उन्होंने कहा कि गोवा पुलिस को अपने हरियाणा समकक्ष से अच्छा सहयोग मिल रहा है, इसलिए वह उचित जांच करने में सक्षम है।

फोगाट 22 अगस्त को गोवा आई थी और अंजुना के एक होटल में रुकी थी। सोमवार की रात उसे बेचैनी महसूस हुई और अगली सुबह उसे अंजुना के सेंट एंथोनी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।